29915
27-4-2

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत आवेदन

भारत भूषण तिवारी
फ्लैट नंबर बी–57, एसएफ,
पार्श्वनाथ पैराडाइज,
मोहन नगर, गाजियाबाद (उ.प्र.)
पिन–201007

दिनांकः 26 अप्रैल 2022.

R.T.I-20523
P/o-LAND
28.4.2022

सेवा में,

जन सूचना अधिकारी
ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड सं0 1, नॉलेज पार्क–4,
गौतमबुध नगर (उ.प्र.)

विषयः जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्ति हेतु आवेदन पत्र।

महोदय,

मैं आवेदनकर्ता भारत भूषण तिवारी पुत्र स्व0 श्री भगवती प्रसाद तिवारी एक भारतीय नागरिक हूँ। मैं नोएडा प्राधिकरण के छह प्रतिशत ग्रामीण आबादी भूखण्ड ग्राम साकीपुर के बारे में निम्न जानकारी प्राप्त करना चाहता हूँ, कृपया अधिनियम के तहत निम्न जानकारी देने की कृपा करे, मांगी गई सूचना, नियोजन विभाग, परियोजना विभाग एवं 6 प्रतिशत ग्रामीण आबादी विभाग से संबंधित है।

1. प्राधिकरण ने ग्राम साकीपुर की जमीन का अधिग्रहण किस वर्ष में किया है।
2. प्राधिकरण ने साकीपुर के कुल कितने ग्रामीणों को उनकी भूमि का अधिग्रहण कराया है।
3. उपरोक्त अधिग्रहण के एवज में प्राधिकरण अब तक कितने लोगों को 6 प्रतिशत के भूखण्ड आवंटित कर कब्जा दे चुका है।
4. उपरोक्त साकीपुर के उन ग्रामीणों जिनकी भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उनमें से कितने ग्रामीणों को पडोस के गांव गुलिस्तान पुर में 6 प्रतिशत के भूखण्ड आवंटित किए गये थे।
5. ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा ग्राम गुलिस्तान पुर की भूमि का अधिग्रहण माननीय न्यायालय द्वारा रद्द कर दिए जाने पर/साकीपुर के ग्रामीणों को प्राधिकरण द्वारा 6 प्रतिशत आवंटित किए गए सभी भूखण्ड स्वतः ही निष्प्रभावी हो गये। इस पर प्राधिकरण ने क्या निर्णय लिया है। सूचित करे।
6. साकीपुर के ग्रामीणों को जिनकी 6 प्रतिशत भूखण्ड ग्राम गुलिस्तानपुर के आवंटित किया गया था उनमें से कितने लोगों को दोबारा भूखंडो का स्थानांतरण कर आवंटन कर प्राधिकरण कब्जा दिला चुका है?

PIO land
28/4/22

7. अभी ग्राम साकीपुर के कितने प्रभावी ग्रामीणों को गुलिस्तानपुर के भुखंड हटाकर अन्य स्थान पर आवंटन करने के पश्चात भी प्राधिकरण अभी तक भी विविध कारणों से कब्जा नहीं दिला सका है।

8. प्राधिकरण को ऐसे मामलों में जहां अधिग्रहण लिए हुए 10–15 वर्ष बीत जाने के बाद भी 6 प्रतिशत आवंटित किए गए भूखण्डों में कब्जा दिलाने में असफल रहा है। क्या भूखंड स्थानांतरण और कब्जा दिलाने की क्या नीति है? कृपया जानकारी दें।

9. उपरोक्त साकीपुर प्रकरण में प्राधिकरण के प्रोजेक्ट विभांग वर्क सर्किल पाँच से लैण्ड से एक ई–फाईल संख्या 130378 गत वर्ष जून–जुलाई में सृजित की गयी थी। कृपया उपरोक्त ई–फाइल संख्या 130378 की प्रगति और अब तक की गई कार्यवाही से अवगत कराये।

नोटः– आवेदन पत्र के साथ पोस्टल ऑर्डर सं0 54F 757499 **रूपए 10/– का सलग्न किया जा रहा है।**

आपसे निवेदन है कि कृपया उपरोक्त सभी सूचनाएं नियमानुसार उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

सधन्यवाद,

आवेदक

BTiwari

भारत भूषण तिवारी
मो0 8376875504
ईमेलः tiwari.bb58@gmail.com